खेतई आदि विरूद्ध श्यामलाल आदि

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक निग0 3129–दो / 14 जिला – सीधी

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
2-9-14	प्रकरण का अवलोकन किया एवं आवेदक अधिवक्ता द्वारा ग्राहयता के बिंदु पर दिए गए तर्कों पर विचार किया एवं आलोच्य आदेश का अवलोकन किया । यह प्रकरण एस.डी.ओ. द्वारा एक माह के लिए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के विरूद्ध है । उक्त आदेश दिनांक 2–7–14 को दिया गया है, जिसकी अवधि दिनांक 2–8–14 को समाप्त हो चुकी है । दिनांक 2–7–14 को आगामी तिथि दिनांक 30–7–14 नियत थी । इस दिनांक के बाद अधीनस्थ न्यायालय में क्या कार्यवाही हुई इसका कोई प्रमाण आवेदक की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया है । ऐसी स्थिति में आलोच्य आदेश की अवधि समाप्त होने से यह पुनरीक्षण निरर्थक हो गई । परिणामतः यह निगरानी अग्राहय की जाती है । आवेदक सूचित हों एवं आदेश की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भेजी जाये । प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो । सदस्य	

न्यायालय श्रीमान् राजस्व मण्डल आयुक्त महोदय ग्वालियर (म.प्र.) श्रृंखला न्यायालय रीवा (म.प्र.)



COURT FEE INDIA Rs.10 दस रुपये TEN RUPEES

COURT FEE INDIA Rs.10 दस रुपये TEN RUPEES

Rs.10/-

1. खेतई तनय चिन्ता अहिर उम्र–70 वर्ष पेशा–खेती निवासी ग्राम–परसवार तहसील बहरी जिला–सीधी (म.प्र.)
2. ज्ञानेन्द्र कुमार यादव तनय रामप्रताप यादव उम्र–27 वर्ष पेशा–खेती निवासी ग्राम–भरूही तहसील बहरी जिला–सीधी (म.प्र.)
3. सुरेश प्रसाद यादव तनय बुद्धिसेन यादव उम्र–21 वर्ष पेशा–खेती निवासी ग्राम–भरूही तहसील बहरी जिला–सीधी (म.प्र.)

श्री अतुलदेव पाण्डेय के द्वारा आज दिनांक 11.8.14 को प्रस्तुत किया गया।

रीडर 11.8.14
सर्किट कोर्ट रीवा

..................निगरानीकर्ता / आवेदकगण

बनाम

1. श्यामलाल यादव तनय खेतई यादव उम्र–45 वर्ष पेशा–खेती निवासी ग्राम–भरूही तहसील बहरी जिला–सीधी (म.प्र.)
2. मध्य प्रदेश शासन ....अनावेदकगण

निगरानी विरूद्ध आदेश न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय गोपद बनास जिला–सीधी (म.प्र.) प्रकरण क्रमांक अपंजीकृत अ–74–2013–014 आदेश दिनांक–02.07.2014

निगरानी अन्तर्गत धारा 50, म.प्र. भू–राजस्व संहिता 1959

मान्यवर,

(निगरानी के सूक्ष्म तथ्य)

अ. यह कि आराजी ख.क्र.पुराना 149 रकवा 0.63 एकड़ से निर्मित नवीन बन्दोवस्त ख.क्र.330 रकवा 0.25 हे. स्थिति ग्राम–भरूही तहसील सिहावल वर्तमान तहसील बहरी जिला–सीधी की भूमि है उक्त भूमि आवेदकँ क्र.1 के भूमिहीन होने व